फा.सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
आर्थिक प्रभाग
कमरा सं. 227, ए विंग,

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 25.06.2021

विषय: **कैबिनेट को भेजे जाने के लिए मई, 2021 माह के सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को इस पत्र के साथ मई, 2021 माह के लिए रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत हिस्से की एक प्रति सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

पी.जी.एस. राव 25/6/2021
(डॉ. पी. जी. एस. राव)
निदेशक (ईडी)

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य
2. उपाध्यक्ष, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों के साथ)
4. प्रधान सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि:

5. सचिव, सभी मंत्रालय/विभाग, भारत सरकार
6. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110069
7. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
8. भारत के उपराष्ट्रपति के सचिव, 6 मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110001
9. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011
10. निदेशक, कैबिनेट सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
11. निदेशक, इंटर-स्टेट काउंसिल सचिवालय, एमएचए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली-110011
12. सचिव (रसायन एवं पेट्रोरसायन) के पीपीएस
13. निदेशक (प्रशासन), रसायनएवंपेट्रोरसायनविभागको विभागकीवेबसाइटपरडलवानेकेअनुरोधकेसाथ

फाइल सं. 25011/3/2020-ईडी-सीपीसी
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग

<u>मई, 2021 माह के लिए मासिक सार</u>

मई, 2021 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्य निम्नानुसार हैं:

2. रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, इसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और स्वायत्त संगठन कोविड-19 महामारी की श्रृंखला को तोड़ने के लिए सभी आवश्यक सावधानी बरत रहे हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा गया है कि वे जल्द से जल्द अपना और अपने परिवार के सदस्यों का टीकाकरण कराएं।

3. विभाग के तहत एक स्वायत्त निकाय, सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) ने शैक्षणिक और कौशल विकास कार्यकलापों के तहत मई, 2021 तक 14,699 छात्रों (दीर्घावधिक कार्यक्रमों में 13,494 नामांकित और अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 1,205 प्रशिक्षित) को नामांकित / प्रशिक्षित किया।

4. सिपेट ने 31 मई, 2021 तक प्लास्टिक और संबद्ध उद्योगों के लाभ के लिए प्लास्टिक प्रसंस्करण, टूलींग, परीक्षण, डिजाइन, परामर्श और निरीक्षण गतिविधियों के क्षेत्र में 10,822 प्रौद्योगिकीय सहायता सेवाएं भी शुरू कीं।

5. सिपेट ने छात्रों के लिए आजादी का अमृत (@ स्वतंत्रता के 75 वर्ष) के उपलक्ष्य में ऑनलाइन मोड के माध्यम से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। मई माह के लिए नियोजित अन्य गतिविधियाँ कोविड महामारी के कारण आयोजित नहीं की जा सकीं।

6. मई माह के दौरान राजस्थान कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के तहत कुल 200 नमूनों का प्रसंस्करण किया गया और इसका विश्लेषण इस विभाग के एक स्वायत्त निकाय, आईपीएफटी में जारी है। इसके अतिरिक्त, अनाज, सब्जियां, फल, दूध और पानी से युक्त 62 नमूनों का प्रसंस्करण किया गया था और उनका विश्लेषण भी आईपीएफटी में "राष्ट्रीय स्तर पर कीटनाशक अवशेषों की निगरानी" परियोजना के तहत चल रहा है। इसके अलावा, आईपीएफटी के प्रायोगिक अनुसंधान वाले भूखंडों में आंतरिक रूप से विकसित किए गए टमाटर और बैंगन पर जैव-प्रभावकारिता के दो मूल्यांकन परीक्षण चल रहे हैं।

7. भोपाल गैस पीड़ितों के लिए कल्याण आयुक्त ने मई, 2021 तक 5,63,124 अवार्डिड मामलों में प्रो-राटा मुआवजे के रूप में 1517.89 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की है।

8. कल्याण आयुक्त ने 31 मई, 2021 तक 62,620 अनुग्रह मामलों का फैसला किया, जिनमें से अवार्डिड और अस्वीकृत मामले क्रमशः 51,127 और 11,493 हैं। 51,127 दावेदारों को 854.64 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है। माह के दौरान 93 मामलों में 1.41 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

9. विभाग के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों ने क्रमशः 21 मई, 2021 और 31 मई, 2021 को मनाए गए "आतंकवाद विरोधी दिवस" और "विश्व तंबाकू निषेध दिवस" पर शपथ ली।

10. रसायन और पेट्रोरसायन का उत्पादन:

I. प्रमुख रसायन के उत्पादन की मात्रा पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 119.43 लाख टन की तुलना में 2020-21 के दौरान (मार्च- 2021 तक) घट कर 111.73 लाख टन हो गई, इसमें 6.45% की गिरावट दर्ज की गई।

II. प्रमुख रसायनों में, पेस्टिसाइड्स और इन्सेक्टिसाइड्स के उत्पादन में 32.54% की और कार्बनिक रसायन में 2.13% की वृद्धि हुई है और एल्कली रसायन, अकार्बनिक रसायन और डाई और पिगमेंट के उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कमी आई है।

III. प्रमुख पेट्रोरसायनों के उत्पादन की मात्रा भी पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 435.24 लाख टन की तुलना में 2020-21 के दौरान (मार्च-2021 तक) घट कर 421.21 लाख टन हो गई और इसमें 3.22% की गिरावट दर्ज की गई।

IV. पिछले वर्ष की तुलना में इस अवधि के दौरान सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट्स और ओलेफिन को छोड़ कर, सभी प्रमुख पेट्रोरसायनों, अर्थात सिंथेटिक फाइबर, फाइबर इंटरमीडिएट, पॉलिमर, सिंथेटिक रबड़, परफॉर्मेंस प्लास्टिक्स, एरोमैटिक्स और अन्य पेट्रोरसायनों के उत्पादन में कमी आई।

11. प्रमुख रसायन एवं पेट्रोरसायन के मार्च, 2021 माह के आयात/निर्यात आंकड़े डीजीसीआईएस पोर्टल पर अपडेट नहीं किए गए हैं। पिछले वर्ष के आंकड़ों के साथ वर्तमान आंकड़ों का विश्लेषण/तुलना का संकलन नहीं किया जा सका।

निम्नलिखित आरेख 2019-20 (मार्च-2020 तक) की तुलना में 2020-21 (मार्च-2021 तक) के दौरान प्रमुख रसायनों और पेट्रोरसायनों के उत्पादन का सार प्रस्तुत करते हैं। (आंकड़े तालिका- I और II पर हैं)


Production of Major Chemicals
10000000
8000000
6000000
4000000
2000000
0
Alkali Chemicals
Inorganic Chemicals
Organic Chemicals
Pesticides & Insecticides
Dyes & Pigments
2019-20 (Up to March, 2020)
2020-21 (Up to March, 2021)


Production of Major Petrochemicals
14000000
12000000
10000000
8000000
6000000
4000000
2000000
0
Synthetic Fibre
Fibre Intermediate
Polymers
Synthetic Rubber
Synthetic Detergent...
Performance Plastics
Olefins
Aromatics
Other Petrochemicals
2019-20 (Up to March, 2020)
2020-21 (Up to March, 2021)

तालिका-I

प्रमुख रसायनों का उत्पादन (मात्रा: मीट्रिक टन)				
क्र.सं.	**प्रमुख रसायन समूहों के नाम**	**2019-20 (मार्च, 2020 तक)**	**2020-21 (मार्च, 2021 तक)**	**2019-20 के मुकाबले 2020-21 में % वृद्धि**
1	एल्कली रसायन	8456797	7776459	-8.04
2	अकार्बनिक रसायन	1063466	928799	-12.66
3	कार्बनिक रसायन	1846617	1885946	2.13
4	पेस्टीसाइड्स और इंसेक्टीसाइड्स	192145	254678	32.54
5	डाई और पिगमेंट	384224	326987	-14.90
	कुल	11943249	11172869	-6.45

तालिका-II

प्रमुख पेट्रोरसायनों का उत्पादन				
				(मात्रा: मीट्रिक टन)
क्र.सं.	**प्रमुख पेट्रोरसायन समूहों के नाम**	**2019-20 (मार्च, 2020 तक)**	**2020-21 (मार्च, 2021 तक)**	**2019-20 के मुकाबले 2020-21 में % वृद्धि**
1	सिंथेटिक फाइबर	3892778	3162990	-18.75
2	फाइबर इंटरमीडिएट	5358911	5059148	-5.59
3	पॉलिमर	12403689	12143624	-2.10
4	सिंथेटिक रबर	358080	341456	-4.64
5	सिंथेटिक डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	714683	736437	3.04
6	परफॉर्मेंस प्लास्टिक	1671628	1519565	-9.10
7	ओलेफिन्स	11835385	12039445	1.72
8	एरोमेटिक्स	4924744	4804752	-2.44
9	अन्य पेट्रोरसायन	2364233	2314224	-2.12
	कुल	43524131	42121641	-3.22

बड़े और मध्यम पैमाने के उद्योगों से प्राप्त एमपीआर के आधार पर।